## महत्वपूर्ण एवं खास

### अब से हर सोमवार प्रात: 10.30 से होगा कलेक्टर जनचौपाल

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्टर जनचौपाल के समय में फेर बदल किया है। अब से कलेक्टर जनचौपाल प्रति सप्ताह सोमवार को प्रात: 10.30 बजे से कलेक्टर कक्ष में आयोजित होगी।

### 14 साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस ने छापेमारी कर पकड़ा

**रायगढ़।** एक्सीडेंट मामले के फरार स्थायी वारंटी अमृत सिंह को कोतवाली पुलिस ने चांदमारी क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेएमएफसी रायगढ़ के कोर्ट में पेश किया गया है। वारंटी अमृत सिंह पिता सजल सिंह 34 साल लंबे समय से जशपुर के फरसाबहार और रायगढ़ में लुक-छिप कर रहा था। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के निर्देशन पर प्रधान आरक्षक नरेन्द्र यादव द्वारा वारंटी पर मुखबिर लगाया गया जिसके पिछले कुछ दिनों से चांदमारी क्षेत्र में किराया मकान लेकर रहने की सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा दबिश देकर वारंटी को पकड़ा गया है। वर्ष 2009 के एक्सीडेंट मामले में वारंटी पर स्थायी वारंट जारी किया गया था। वहीं कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा नकबजनी के अपराध में अपचारी बालक को जारी गिरफ्तारी वारंट के पालन में वारंटी को अभिरक्षा में लेकर कोर्ट पेश किया है।

### हसदेव नहर में क्रास रेग्यूलेटर एवं एस्केप चैनल निर्माण के लिए 2.98 करोड़ रूपए की स्वीकृति

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग मंत्रालय द्वारा कोरबा जिले के अंतर्गत हसदेव बायीं तट नहर के आर.डी. 6.15 किलोमीटर पर क्रास रेग्यूलेटर एवं एस्केप निर्माण के लिए 2 करोड़ 98 लाख 70 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस कार्य को कराने की जिम्मेदारी मुख्य अभियंता मिनीमाता हसदेव बांगो परियोजना बिलासपुर को सौंपी गई है।

### पद्मा ने इंटरनेशनल कराटे में जीता गोल्ड : 14 वर्ष से कम कैटेगरी में श्रीजल और साक्षी को मैडल

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की कराटे प्लेयर पद्मा ब्यौहार ने एक बार फिर विशाखापट्टनम अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। साथ ही जूनियर 14 साल से कम उम्र की प्रतियोगिता में रायपुर की ही श्रीजल एवं साक्षी श्रीवास्तव ने गोल्ड एवं सिल्वर प्राप्त किया है।गौरतलब है की कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन, वल्ड कराटे फेडरेशन और आंध्र प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन 3 फरवरी से 5 फरवरी किया गया है। पद्मा के कोच रमेश प्रधान ने बताया की पद्मा ने 5 फरवरी को सुबह सीनियर केटेगरी के कांता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है।

### दूसरे की जमीन को अपना बताकर बेचा, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** दूसरे की जमीन को अपना बताकर 30 लाख रुपए में बेचने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने दंपत्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर 4 देवेन्द्र नगर निवासी प्रार्थिया रूमा सिंह 42 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि ग्राम सड्डू स्थित 3 हजार वर्गफीट दूसरे की जमीन को आरोपी रंजीत सैनी व उसकी पत्नी रज्जो सैनी ने अपना बताकर प्रार्थिया को बेच दिया। जब इस बात की जानकारी प्रार्थिया को मिली तो उसने इसकी शिकायत विधानसभा थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी दंपत्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# आर्थिक सशक्तिकरण की मिसाल बन रही स्व-सहायता समूह की महिलाएं -कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

- महिलाओं से कहा कुपोषण और एनीमिया दूर करने होंगे साझा प्रयास
- पुसौर में आयोजित प्रथम महिला महाअधिवेशन में शामिल हुए कलेक्टर







**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन में संचालित महिलाओं के आजीविका संवर्धन के लिए छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का लाभ लेने के साथ ही गांवों में महिलाएं अपने मेहनत और लगन के बूते आज आर्थिक सशक्तिकरण की नई ईबारत लिख रही है। छत्तीसगढ़ शासन के गोधन न्याय योजना से वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, गौठानों में बाड़ी योजना तथा अब संचालित होने जा रही ग्रामीण औद्योगिक पार्क से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं ने खुद को स्व-रोजगार के माध्यमों से जोड़ा है तथा आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनी है। उक्त बातें कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जनपद पंचायत पुसौर के तत्वाधान में आयोजित प्रथम महिला महाअधिवेशन में अपने संबोधन के दौरान कही। कलेक्टर सिन्हा अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी इस दौरान उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि महिलाओं का आर्थिक रूप से सक्षम होना पूरे परिवार को संबल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि कुपोषण और एनीमिया आज बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए बड़ी चुनौतियां है जिसे दूर करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि आप संकल्प लें कि शासन-प्रशासन के द्वारा संचालित योजनाओं में सक्रिय सहभागिता निभाकर अपने आसपास कुपोषण एवं एनीमिया के स्तर को सुधारने में प्रभावी भूमिका निभायेंगी। इससे प्रभावित लोगों का जीवन स्तर सुधरेगा। उन्होंने सभी महिलाओं को आगे भी बेहतर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी।

सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने इस दौरान जनपद पंचायत पुसौर के अंतर्गत गठित महिला स्व-सहायता समूहों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पुसौर विकासखण्ड स्व-सहायता समूह गठन के मामले में काफी अग्रणी चल रहा है, जिसकी प्रदेश स्तर पर भी सराहना हुई है। विकासखण्ड के विभिन्न गौठानों ने भी शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में राज्य स्तर पर ख्याति अर्जित की है। सूपा और तरडा गौठानों में ग्रामीण औद्योगिक पार्क स्थापित किए जा रहे है। जहां विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से महिला समूहों के साथ ही ग्रामीणों के लिए आय और उद्यम के नये मौके तैयार किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि स्व-सहायता समूहों की महिलाएं शिक्षा, आजीविका, स्वास्थ्य, वित्तीय लिंकिग के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर कार्य कर रही है।

इस मौके पर जनपद उपाध्यक्ष पुसौर गोपी चौधरी, सभापति भवानी यादव, सभापति राम नारायण नंदे, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, सीईओ जनपद पंचायत पुसौर महेश पटेल सहित जिला पंचायत रायगढ़ व जनपद पंचायत पुसौर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं हुई सम्मानित-** आशा ग्राम संगठन, समलेश्वरी स्व-सहायता समूह, गायत्री स्व-सहायता समूह, शारदा स्व-सहायता समूह, मां तारिणी स्व-सहायता समूह, मां अन्नपूर्णा स्व-सहायता समूह, सुमति गुप्ता, कंचन चौहान, शैलेन्द्री, द्रौपदी, अंजना गुप्ता, गीता गुप्ता, तुलसी साहू, भारतमाता वाहिनी समूह, उन्नति ग्राम संगठन, भारती ग्राम संगठन, समृद्धि स्व-सहायता समूह, सरस्वती स्व-सहायता समूह, अनुसुईया भोय, ज्योत्सना प्रधान, कृष्णा विश्वकर्मा, ललिता गुप्ता, सुबलया चौहान, रजनी सिदार, नेहा गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, आचल गुप्ता, सृष्टि ग्राम संगठन, भूमि महिला, भवानी महिला ग्राम संगठन, महामाया स्व-सहायता समूह, अर्चना सारथी, रोशनी महिला स्व-सहायता समूह, अहिल्या भोय, टेममती गुप्ता, दीप्ति मैत्री, लक्ष्मी स्व-सहायता समूह, एकता स्व-सहायता समूह, भावना समूह व साथी, भारत वाहिनी समूह, डिलेश्वरी यादव, प्रार्थना ग्राम संगठन, परी स्व-सहायता समूह, भगवती स्व-सहायता समूह, कल्याणी स्व-सहायता समूह, नारी शक्ति ग्राम संगठन, निर्मला पटेल, अन्नपूर्णा बेहरा, विशाखा पटेल, शंकुतला साहू, प्रेरणा कलस्टर, चंद्रहासिनी कलस्टर, संगवानी कलस्टर एवं शुभ कलस्टर शामिल रहे।

## साइबर सेल प्रभारी कमल किशोर पटेल ने महिला अधिवेशन कार्यक्रम में दी साइबर क्राइम से बचाव जानकारी




**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा-निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर आज 5 फरवरी को जनपद पंचायत पुसौर अंतर्गत प्रथम महिला अधिवेशन कार्यक्रम में साइबर सेल/थाना प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल द्वारा अधिवेशन में सम्मिलित होने आई महिलाओं को साइबर से संबंधित क्राइम की जानकारी देकर उनसे बचाव के उपाय बताए गए। साइबर सेल प्रभारी बताए कि दिन-प्रतिदिन मोबाइल के उपयोगकर्ता बढ़ रहे हैं। स्मार्टफोन उपयोग करने वाले गांव-गांव में देखे जा रहे हैं। साइबर ठगों के लिए ठगी का सबसे अच्छा तरीका फेक कॉल कर ठगी करना होता है। साइबर ठग लोगों को अनेक प्रकार के फेक कॉल कर अपना शिकार बनाते हैं। साइबर सेल प्रभारी बताएं कि बैंक कभी भी किसी से उनकी खाता और निजी जानकारियां फोन पर नहीं मांगती इसलिए बैंक संबंधी कोई भी लेन-देन करना हो तो स्वयं बैंक जाकर करावें। मोबाइल पर आये इनामी स्क्रैच कूपन, लॉटरी, मोबाइल टावर, नौकरी के नाम पर रजिस्ट्रेशन इत्यादि के झांसे में ना आए। किसी को मोबाइल पर ओटीपी शेयर ना करें। स्मार्टफोन में आने वाले नोटिफिकेशन, अंजान लिंक को बगैर जाने क्लिक ना करें। कार्यक्रम में साइबर सेल प्रभारी बताये कि जागरूकता और सावधानी साइबर क्राइम को मात देना के सबसे बढ़ा हथियार है। साइबर सेल की टीम के साथ कार्यक्रम में थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम अपने स्टाफ के साथ सुरक्षा व्यवस्था के लिए उपस्थित थे।

## थानों के मैराथन निरीक्षण पर रायगढ़ एसएसपी सदानंद कुमार, जिले के 4 थानों और पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

- प्रभारियों को दिए रिकार्ड दुरूस्त रखने व क्राइम डिटेक्शन के संबंध में आवश्यक निर्देश
- ओडिशा बॉर्डर पर बनाए गए हमीरपुर चेक पोस्ट का लिया जायजा, कर्मचारियों को चौकन्ने रहने के दिए निर्देश



**रायगढ़।** रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार द्वारा उड़ीसा बॉर्डर पर बनाए गए चेक पोस्ट तथा ओड़िसा से सटे थाना तमनार, लैलूंगा एवं घरघोड़ा, पूंजीपथरा का मैराथन निरीक्षण कर वापसी में पुलिस लाइन का भी निरीक्षण किया गया। आज सुबह अचानक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अपने स्टाफ के साथ धरमजयगढ़ अनुभाग के थानों का निरीक्षण के लिए रवाना हुए सबसे पहले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक थाना तमनार पहुंचे। जहां उपस्थित बल द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सलामी दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित कर्मचारियों से उनका हाल चाल जाने, प्रभारी अधिकारी से क्षेत्र में कानून व्यवस्था की जानकारी प्राप्त कर थाने में उपलब्ध बल एवं संसाधनों की जानकारी लिए। उन्होंने स्टाफ को अनुशासन में रहने तथा थाने में आए पीड़ित की शिकायत, रिपोर्ट पर विधि अनुरूप वैधानिक कार्यवाही का निर्देश दिया गया जिसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ओड़िसा बार्ड पर बने हमीरपुर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया गया। चेक पोस्ट पर उपस्थित मिले कर्मचारियों को सदानंद कुमार ने प्रत्येक वाहनों की सघन जांच करने तथा वरिष्ठ अधिकारियों एवं पुलिस कन्ट्रोल रूम के सम्पर्क में रहने के निर्देश दिये, जिसके बाद एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा थाना घरघोड़ा लैलूंगा और पूंजीपथरा के निरीक्षण पर पहुंचे। सभी थानों उन्हें आमर्स् गार्ड द्वारा सलामी दी गई। सदानंद कुमार ने थाना प्रभारियों से उपलब्ध बल, संसाधनों एवं आवश्यकताओं की जानकारी लिये। थाना में प्राप्त होने वाले शिकायतों, लड़ाई झगड़े के विशेष कारणों के संबंध में चर्चा कर प्रभारियों को प्रतिबंधात्मक और माइनर एक्ट की कार्रवाई के साथ क्षेत्र में चलित थाने, पुलिस जन चौपाल जैसे कार्यक्रम आयोजित कर शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिये गये हैं। अपने निरीक्षण दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थानों के मालखाना, आर्म्स रूम, वायरलेस कक्ष, सीसीटीएनएस सेक्शन, आगंतुक कक्ष, महिला ड्रेस्क, सीसीटीवी कैमरा की निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्रभारियों को थानों में आवश्यक साफ सफाई एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा को पुराने नष्टीकरण योग्य रिकार्डो के नष्टीकरण की कार्यवाही के लिए निर्देश दिये। वापसी दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा रक्षित केंद्र उर्दना का निरीक्षण किया गया।

## पुसौर क्षेत्र में किसान कर रहे सरसों की खेती, किसानों से मिलने खेतों में पहुंचे कलेक्टर

- कलेक्टर ने कहा किया जाएगा वेल्यू एडिशन





रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा आज पुसौर विकासखण्ड के दौरे पर रहे। यहां वे कृषि विभाग के कार्यों के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन को देखने के साथ ही किसानों से मिलने सीधे उनके खेतों तक पहुंचे। यहां किसान ललित पटेल ने चार एकड़ में सरसों की खेती की है। कलेक्टर सिन्हा ने किसान से मुलाकात कर फसल उत्पादन के बारे में जानकारी ली। किसान पटेल ने बताया कि वे यहां पहली बार सरसों की फसल ले रहे है। कलेक्टर सिन्हा ने इस पर कहा कि शासन ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना में दलहन-तिलहन फसलों को भी शामिल किया है और यह देखकर खुशी हो रही है कि किसान उसका लाभ ले रहे है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसान काफी प्रोगेसिव है तथा फसल चक्र का महत्व समझते हुए बदल-बदल कर फसलें ले रहे है। सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने बताया कि पुसौर क्षेत्र के किसान इस बार करीब 136 एकड़ में सरसों की खेती कर रहे है। जिसके लिए कृषि विभाग की ओर से सहयोग प्रदान किया जा रहा है। कलेक्टर सिन्हा ने किसानों की फसल बिक्री लागत व आय के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एफपीओ गठन कर ऐसे किसानों के फसलों में वेल्यू एडिशन करने में जिला प्रशासन पूरा सहयोग करेगा, जिससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर दाम मिले तथा वेल्यू एडिशन पश्चात तैयार उत्पादों को अच्छा मार्केट भी मुहैय्या हो सके।

**15 मार्च तक पूर्ण करें रीपा का कार्य**

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने सूपा गौठान का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने चल रहे ग्रामीण औद्योगिक पार्क के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि काम की गति धीमी है, इसे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने 15 मार्च तक काम पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने गौठान में गोबर खरीदी व वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के बारे में जानकारी ली। गौठान समिति के सदस्यों ने बताया कि यहां से 755 क्विंटल से अधिक कम्पोस्ट बेचा जा चुका है। महिला समूहों को साढ़े तीन लाख रुपये से अधिक का लाभांश मिला है। इसके साथ ही यहां बाड़ी भी लगायी गयी है, जिसमें टमाटर, केला, तरबूज आदि उगाये जा रहे है। कलेक्टर सिन्हा ने ग्रामीण औद्योगिक पार्क में शुरू होने वाले गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली। समिति सदस्यों ने बताया कि यहां हल्दी प्रोसेगिंग यूनिट, फर्नीचर तथा कोसा का काम किया जाएगा। उन्होंने गौठान में नियमित रूप से गोबर खरीदी करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, एसडीएम गगन शर्मा भी उपस्थित रहे।

## राज्य में गौठानों में गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने की 12 यूनिट शुरू

- अब तक 17,936 लीटर प्राकृतिक पेंट का उत्पादन
- प्राकृतिक पेंट के विक्रय से 22.51 हजार रूपए की आय

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य में पशुधन के संरक्षण और संवर्धन के लिए स्थापित गौठान तेजी से ग्रामीण औद्योगिक पार्क के रूप में विकसित होने लगे हैं। गौठानों में विविध आयमूलक गतिविधियों के संचालन के साथ-साथ नवाचार के रूप में गोबर से प्राकृतिक पेंट का उत्पादन भी शुरू हो गया है। वर्तमान में गौठानों में गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने के लिए 13 यूनिटें स्थापित हुई है, जिनमें से 12 यूनिटें शुरू हो चुकी है। गौठानों में गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने के लिए रायपुर जिले में 2, कांकेर, दुर्ग, बालोद, कोरबा, बेमेतरा, सूरजपुर, बस्तर, कोरिया, कोण्डागांव, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर में एक-एक यूनिट स्थापित की जा चुकी है। कोरिया जिले में स्थापित यूनिट को छोड़क़र बाकी यूनिटों में उत्पादन शुरू हो गया है। रायपुर जिले के गौठानों में स्थापित दो यूनिटों द्वारा अब तक 7255 लीटर प्राकृतिक पेंट का उत्पादन किया गया है। कांकेर जिला प्राकृतिक पेंट के उत्पादन में दूसरे नम्बर पर है, यहां 6059 लीटर प्राकृतिक पेंट का उत्पादन किया जा चुका है, जबकि बालोद एवं कोरबा जिले में 100-100 लीटर, बेमेतरा में 300, सूरजपुर में 500, बस्तर जिले में 120 लीटर, कोण्डागांव में 400, दंतेवाड़ा में 1102 तथा बीजापुर में 200 लीटर प्राकृतिक पेंट का उत्पादन हुआ है। इस प्रकार राज्य में अब तक 17 हजार 936 लीटर प्राकृतिक पेंट का उत्पादन किया गया है। 9 हजार 622 लीटर प्राकृतिक पेंट के विक्रय से 22 लाख 51 हजार 110 रूपए की आय अर्जित हुई है।

## ठंडी हवाओं के चलते बदला मौसम का मिजाज



**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है। निम्न स्तर पर उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं के कारण एक बार फिर ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को सरगुजा संभाग में कुछ क्षेत्रों में हल्का कोहरा छाया रहेगा।

इसके साथ ही प्रदेश के बाकी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहेगा। रायपुर में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस कम है। कृषि विज्ञान केंद्र जशपुर में न्यूनतम तापमान 4.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

ठंडी हवाओं के चलते शहर के आउटर में शाम के बाद और सुबह ठंड काफी बढ़ गई है। दोपहर में भी कुछ लोग स्वेटर और जैकेट में नजर आ रहे हैं। चार-पांच दिन पहले यह लगने लगा था कि ठंड पूरी तरह चली गई है, लेकिन मौसम में एक बार फिर से बदलाव आया है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अभी कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। शुक्रवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि न्यूनतम तापमान में गिरावट अपने चरम पर है। इसमें ज्यादा गिरावट के आसार नहीं हैं।

ठंड कम पडऩे की वजह से इस वर्ष जनवरी में पिछले वर्ष की अपेक्षा गर्म कपड़ों का कारोबार 50 प्रतिशत ठंडा रहा। इसके चलते बहुत से कारोबारी तो अभी से अपना स्टाल समेटने भी लगे हैं।

## कलेक्टर रानू साहू को जिला प्रशासन की ओर से दी गई विदाई




**रायगढ़।** निवर्तमान कलेक्टर रानू साहू को जिला प्रशासन परिवार की ओर से आज भावभीनी विदाई दी गई। कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में आयोजित विदाई कार्यक्रम में नवपदस्थ कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर निवर्तमान कलेक्टर रानू साहू को विदाई दी और उनके उज्जवल एवं सुखद भविष्य की कामना की।

निवर्तमान कलेक्टर रानू साहू ने कहा कि हमें संवेदनशील होकर लोगों की समस्याओं को हल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं गांव से संबंधित हूं, अत:उनकी समस्याओं से परिचित हूं। वर्तमान में स्वास्थ्य, राजस्व से संबंधित समस्याएं है, इसी समस्या को हल करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा वृहद समाधान शिविर प्रारंभ किया गया, ताकि जनसामान्य को इलाज से लेकर सभी प्रकार की सुविधा एक ही स्थान पर प्रदान कर सके। शिविर के माध्यम से जिला प्रशासन लोगों के द्वार तक पहुंचा जिससे जनसामान्य की समस्याओं का समाधान हुआ है, जो कि केवल टीम वर्क से ही सफल हो पाया है। जिसमें सभी अधिकारियों का सहयोग महत्वपूर्ण रहा। नवपदस्थ कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने निवर्तमान कलेक्टर रानू साहू को संचालक कृषि एवं प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड बनाये जाने पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने निवर्तमान कलेक्टर आश्वस्त करते हुए कहा कि जिले में शिक्षा, चिकित्सा के लिए जो प्रयास शुरू किए गए है चल रही है, उसे और बेहतर तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि भेंट-मुलाकात तैयारियों के लिहाज से एक वृहत प्रशासनिक कार्यक्रम रहा, रायगढ़ जिले में काफी शार्ट नोटिस पर यह कार्यक्रम सफलता पूर्वक कलेक्टर रानू साहू के नेतृत्व व मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस दौरान उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा ने भी इस दौरान अपने अनुभव बांटते हुए कहा कि निवर्तमान कलेक्टर रानू साहू से हमेशा सहयोग व मार्गदर्शन मिला।

इस अवसर पर इस अपर कलेक्टर राजीव पांडे, एसडीएम गगन शर्मा, सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर, तहसीलदार लोमश मिरी, सहायक संचालक कृषि हरीश राठौर, सहायक संचालक शिक्षा के.के.स्वर्णकार, डॉ.माधुरी त्रिपाठी, कलेक्टर कार्यालय से डीकाराम शेष ने भी अपने अनुभव सांझा किये। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर डी.आर. रात्रे, तहसीलदार एवं जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480